Series GEFH1/2

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| नोट / NOTE : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***30*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है – खण्ड* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड – क :*** *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख :*** *प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***18*** *तक लघु उत्तरीय प्रकार के* ***दो-दो*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***50*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड – ग :*** *प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***23*** *दीर्घ उत्तरीय प्रकार के* ***चार-चार*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड – घ :*** *प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***26*** *तक अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ :*** *प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *भी दीर्घ उत्तरीय प्रकार के* ***छः-छः*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***170*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही विकल्प का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

***General Instructions :***

***Please read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into **FIVE** Sections – **Section A, B, C, D & E.***

*(iii)* *In section **A** - Question number **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type Questions.*

*(iv)* *In section **B** - Question number **13 to 18** are Short Answer (SA) type questions carrying **2** marks each. Answer to these questions should not exceed **50** words.*

*(v)* *In section **C** - Question number **19** to **23** are Long Answer (LA) type questions carrying **4** marks each. Answer to these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *In section **D** - Question number **24** to **26** are passage, cartoon and map-based questions.*

*(vii)* *In section **E** - Question number **27** to **30** are also Long Answer type questions carrying **6** marks each. Answer to these questions should not exceed **170** words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## खण्ड – क

1. निम्नलिखित में से कौन सा देश सोवियत संघ का भाग नहीं था ? **1**

   (a) यूक्रेन (b) जॉर्जिया

   (c) इटली (d) एस्टोनिया

2. 19 मार्च, 2003 को अमरीका ने इराक पर किस कूटनाम से आक्रमण किया था ? **1**

   (a) ऑपरेशन डेज़र्ट स्टॉर्म

   (b) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम

   (c) ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच

   (d) ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम

3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य है – **1**

   (a) युद्ध के लिए हथियार बनाने को रोकना।

   (b) अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों को रोकना।

   (c) औद्योगीकरण को रोकना।

   (d) शरणार्थियों के फैलाव को रोकना।

4. निम्नलिखित में से कौन पारम्परिक सुरक्षा के अन्तर्गत आता है ? **1**

   (a) किसी पड़ोसी देश द्वारा आक्रमण

   (b) किसी संक्रामक रोग का फैलना

   (c) ग्लोबल वार्मिंग

   (d) आतंकवाद का विस्तार

## SECTION – A

1. Which one of the following countries was NOT a part of the Soviet Union ? **1**

   (a) Ukraine (b) Georgia

   (c) Italy (d) Estonia

2. On 19th March 2003, the US launched its invasion of Iraq under the code name _______. **1**

   (a) Operation Desert Storm

   (b) Operation Iraqi Freedom

   (c) Operation Infinite Reach

   (d) Operation Enduring Freedom

3. The main objective of United Nations is to _______ **1**

   (a) prevent manufacture of war weapons.

   (b) prevent international conflicts.

   (c) prevent industrialisation.

   (d) prevent spread of refugees.

4. Which one of the following is a concern under Traditional Security ? **1**

   (a) Attack by a neighbouring country

   (b) Spread of any pandemic disease

   (c) Global warming

   (d) Spread of terrorism

5. निम्नलिखित संसाधनों में से कौन वैश्विक सम्पदा नहीं है ? **1**

(a) ऐन्टार्कटिका (b) समुद्री सतह

(c) बाहरी अंतरिक्ष (d) जंगल

6. निम्नलिखित में से कौन सा कथन "वैश्वीकरण" के बारे में सही है ? **1**

(a) वैश्वीकरण पश्चिमीकरण है ।

(b) वैश्वीकरण औद्योगीकरण है ।

(c) वैश्वीकरण आर्थिक वृद्धि है ।

(d) वैश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है ।

7. 'द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त' किसने प्रस्तुत किया था, जिसके कारण ब्रिटिश भारत का विभाजन हुआ ? **1**

(a) अब्दुल गफ्फार खाँ (b) मुस्लिम लीग

(c) ब्रिटिश सरकार (d) कांग्रेस पार्टी

8. योजना आयोग का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा हुआ था ? **1**

(a) भारत के संविधान द्वारा ।

(b) भारत के राष्ट्रपति द्वारा ।

(c) भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा ।

(d) संविधान सभा द्वारा ।

5. Which of the following resources is NOT a global common ? **1**

(a) Antarctica (b) Ocean floor

(c) Outer space (d) Forests

6. Which of the following statements is TRUE about globalisation ? **1**

(a) Globalisation is westernisation.

(b) Globalisation is industrialisation.

(c) Globalisation is economic growth.

(d) Globalisation is a multidimensional phenomenon.

7. Who advanced the 'Two Nation Theory' that led to the partition of British India ? **1**

(a) Abdul Gaffar Khan (b) Muslim League

(c) British Government (d) Congress Party

8. Planning Commission was set up by _______. **1**

(a) Constitution of India

(b) President of India

(c) a resolution of Government of India

(d) the Constituent Assembly

9. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को क्रमशः अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और अधोलिखित विकल्पों में से किसी एक को सही उत्तर के रूप में चुनिए । 1

**अभिकथन (A)** : 1969 में कांग्रेस पार्टी का विभाजन हो गया ।

**कारण (R)** : कांग्रेस सिंडीकेट और इंदिरा गाँधी के बीच गुटबाजी थी ।

**विकल्प** :

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) का सही कारण है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) का सही कारण नहीं है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, पर कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, पर कारण (R) सही है ।

10. 25 जून, 1975 को, निम्नलिखित में से किस नेता ने प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी के त्यागपत्र के लिए राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की थी ? 1

(a) मोरारजी देसाई (b) जयप्रकाश नारायण

(c) जॉर्ज फर्नान्डिस (d) अटल बिहारी वाजपेयी

11. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए : 1

(i) मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करना ।

(ii) मनमोहन सिंह का पहली बार प्रधानमंत्री बनना ।

(iii) लोंगोवाल के साथ पंजाब समझौता पर हस्ताक्षर ।

(iv) राजीव गाँधी का प्रधानमन्त्री बनना ।

सही विकल्प चुनिए ।

(a) (i), (iii), (iv) तथा (ii) (b) (iv), (iii), (i) तथा (ii)

(c) (iii), (iv), (i) तथा (ii) (d) (iv), (i), (ii) तथा (iii)

12. अन्य पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की नीति को सबसे पहले निम्नलिखित में से किसने लागू किया था ? 1

(a) कर्पूरी ठाकुर (b) बी.पी. मंडल

(c) इन्दिरा गाँधी (d) मायावती

9. In the question given below, there are two statements marked as Assertion(A) and Reason (R). **1**

Read these statements and choose one correct answer from the given options.

**Assertion (A) :** In 1969 the Congress Party faced a split.

**Reason (R) :** Factional rivalry existed between the Congress Syndicate and Indira Gandhi.

**Options :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct reason of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct reason of (A).

(c) (A) is true, but (R) is wrong.

(d) (A) is wrong, but (R) is true.

10. Who among the following had announced a nationwide satyagraha on $25^{th}$ June, 1975 for the resignation of Prime Minister Indira Gandhi ? **1**

(a) Morarji Desai
(b) Jayaprakash Narain
(c) George Fernandes
(d) Atal Bihari Vajpayee

11. Arrange the following in chronological order : **1**

(i) Implementation of recommendations of Mandal Commission.

(ii) Appointment of Manmohan Singh as Prime Minister for the first time.

(iii) Signing of the Punjab Accord with Longowal.

(iv) Appointment of Rajiv Gandhi as Prime Minister.

Choose the correct option :

(a) (i), (iii), (iv), (ii)
(b) (iv), (iii), (i), (ii)
(c) (iii), (iv), (i), (ii)
(d) (iv), (i), (ii), (iii)

12. Who among the following introduced a policy of reservations for OBCs for the first time ? **1**

(a) Karpoori Thakur
(b) B.P. Mandal
(c) Indira Gandhi
(d) Mayawati

## खण्ड – ख

13. पारम्परिक सुरक्षा की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। **2**

14. संयुक्त राष्ट्र की किन्हीं चार एजेन्सियों के नाम लिखिए। **4 × ½ = 2**

15. भारत और नेपाल के बीच सम्बन्धों की विशिष्टता को उजागर कीजिए। **2**

16. एन.डी.ए. सरकार द्वारा 2014 के बाद महिलाओं की सहायता एवं उत्थान के लिए शुरू किए गए किन्हीं दो कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए। **2 × 1 = 2**

17. भारत के ऐसे दो प्रधानमंत्रियों की पहचान कीजिए जो एक वर्ष से कम समय के लिए सत्ता में रहे। **2 × 1 = 2**

18. भारत के ऐसे दो राज्यों की पहचान कीजिए जहाँ केन्द्र सरकार को अलगाववादी आन्दोलनों का सामना करना पड़ा। इन आन्दोलनों का नेतृत्व करने वाले नेताओं के नाम भी लिखिए। **1 + 1 = 2**

## खण्ड – ग

19. पारम्परिक सुरक्षा पर आए खतरे से निपटने के लिए कोई दो उपाय सुझाइये। **2 × 2 = 4**

20. "वैश्वीकरण उन्नत प्रौद्योगिकी का ही एक परिणाम है।" दो उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए। **2 × 2 = 4**

21. "विकास की प्रक्रिया प्रायः पर्यावरण को हानि पहुँचाती है।" किन्हीं दो पर्यावरणीय आन्दोलनों के सन्दर्भ से कथन को न्यायसंगत ठहराइए। **2 × 2 = 4**

## SECTION – B

13. Explain the notion of traditional security. **2**

14. Name any four agencies of the United Nations. **$4 \times \frac{1}{2} = 2$**

15. Highlight the speciality of India – Nepal relations. **2**

16. State any two programmes launched by the NDA government after 2014 for women's help and progress. **$2 \times 1 = 2$**

17. Identify and name of any two Prime Ministers of India who remained in power for less than a year. **$2 \times 1 = 2$**

18. Identify any two states where the Central Government had to face separatist movements. Also name the leaders who led these movements. **$1 + 1 = 2$**

## SECTION – C

19. Suggest any two measures to deal with threats to the traditional security. **$2 \times 2 = 4$**

20. "Globalisation is the outcome of developed technology." Support the statement with two examples. **$2 \times 2 = 4$**

21. "Development mostly causes degradation of environment." Justify the statement referring to two environmental movements. **$2 \times 2 = 4$**

22. भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों का मूल्यांकन उदाहरणों की सहायता से कीजिए। 4

23. 1975 में घोषित आपातकाल के कोई चार प्रभाव स्पष्ट कीजिए। $4 \times 1 = 4$

## खण्ड – घ

24. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िये और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

"भारत ने कई परमाणु परीक्षण किए और यह जताया कि उसके पास सैन्य उद्देश्यों के लिए अणुशक्ति प्रयोग करने की क्षमता है। इसके तुरन्त बाद पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण किए। अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी ने दोनों पर कुछ प्रतिबंध लगाए जिन्हें बाद में हटा लिया गया। भारत ने परमाणु अप्रसार की सन्धियों का विरोध किया।"

(24.1) भारत ने किस वर्ष कई परमाणु परीक्षण किए ?

(a) 1971 (b) 1985

(c) 1992 (d) 1998

(24.2) निम्नलिखित में से उस सन्धि को चुनिए जिस पर भारत ने हस्ताक्षर करने से इंकार किया :

(a) व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध सन्धि

(b) शिमला समझौता

(c) पंचशील समझौता

(d) सिंधु जल सन्धि

(24.3) प्रारम्भ में भारत परमाणु ऊर्जा को बनाना चाहता था ______

(a) शान्तिपूर्ण उद्देश्यों के लिए

(b) परमाणु बम बनाने के लिए

(c) महाशक्तियों से मुकाबला करने के लिए

(d) अपनी सुरक्षा के लिए

(24.4) भारत ने किसके मार्गदर्शन में अपने परमाणु कार्यक्रम को शुरू किया था ?

(a) सी.वी. रमन (b) होमी जे. भाभा

(c) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (d) के. कस्तूरीरंगन

22. Evaluate the relationship between India and Pakistan with the help of examples. **4**

23. Explain any four effects of the Emergency declared in 1975. **4 × 1 = 4**

## SECTION – D

24. Read the following passage carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**

India conducted a series of nuclear tests demonstrating its capacity to use nuclear energy for military purposes. After this, Pakistan also conducted tests. International Community imposed sanctions on both India and Pakistan which were subsequently waived. India opposed the international treaties aimed at non-proliferation.

(24.1) In which year did India conduct series of nuclear tests ?

(a) 1971 (b) 1985

(c) 1992 (d) 1998

(24.2) Identify the treaty that India refused to sign.

(a) Comprehensive Test Ban Treaty

(b) Shimla Agreement

(c) Panchsheel Agreement

(d) Indus waters Treaty

(24.3) In the beginning, India wanted to generate nuclear energy for ______

(a) peaceful purpose.

(b) making atomic bombs.

(c) competing with the super powers.

(d) ensuring its security.

(24.4) Under whose guidance did India initiate its nuclear programme ?

(a) C.V. Raman (b) Homi J. Bhabha

(c) A.P.J. Abdul Kalam (d) K. Kasturirangan

25. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) से दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम, प्रयुक्त की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में अंकित सम्बन्धित अक्षर को अपनी उत्तर–पुस्तिका में नीचे दिए प्रारूप में लिखिए । **4 × 1 = 4**


| प्रयुक्त की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i. | | |
| ii. | | |
| iii. | | |
| iv. | | |

(i) वह राज्य जिसे अब दो केन्द्र शासित क्षेत्रों में विभक्त किया गया है ।

(ii) वह राज्य जहाँ "राजीव गाँधी – लोंगोवाल समझौते" पर हस्ताक्षर हुए थे ।

(iii) वह राज्य जिससे लाल डेंगा का सम्बन्ध था ।

(iv) वह राज्य जहाँ से द्राविड़ आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था ।



25. In the given political outline map of India, four states have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify these states on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the format that follows :

**4 × 1 = 4**


| Sr. No. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| i. | | |
| ii. | | |
| iii. | | |
| iv. | | |

(i) The state which has been bifurcated in two Union Territories recently.

(ii) The state where Rajiv Gandhi – Longowal Accord was signed.

(iii) The state to which Laldenga belonged.

(iv) The state from where the Dravidian Movement started.



**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर हैं : $4 \times 1 = 4$

(25.1) कौन से राज्य से धारा 370 हटाई गई है ?

(25.2) किस राज्य में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की हत्या हुई थी ?

(25.3) 1966 में किस राज्य को भाषायी आधार पर गठित किया गया था ?

(25.4) लाल डेंगा ने किस राज्य में अलगाववादी आन्दोलन का नेतृत्व किया था ?

26. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $4 \times 1 = 4$




(i) इन दोनों कार्टूनों का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस देश से है ?

(a) जापान (b) वियतनाम

(c) दक्षिण कोरिया (d) चीन

**Note :** The following questions are only for the **Visually Impaired Candidates** in lieu of Q. No. **25**. **4 × 1 = 4**

(25.1) Article 370 has been abolished from which State ?

(25.2) In which State was the former Prime Minister Rajiv Gandhi assassinated ?

(25.3) Which State was created on language basis in 1966 ?

(25.4) In which state did Laldenga lead a separatist movement ?

26. Study the given cartoon carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**




(i) To which country are these two cartoons related ?

(a) Japan (b) Vietnam

(c) South Korea (d) China

(ii) 'लाल किताब' का सम्बन्ध किस विचारधारा से है ?

(a) पूँजीवाद (b) साम्यवाद

(c) मानववाद (d) आतंकवाद

(iii) पूँजीपरस्त टाई का क्या अभिप्राय है ?

(a) साम्यवाद को नकारना

(b) पूँजीवाद को स्वीकारना

(c) साम्यवादी अर्थव्यवस्था का पूँजीवाद से तालमेल

(d) पूँजीवाद को नकारना

(iv) कार्टूनों के आधार पर 'तब' और 'अब' में क्या अन्तर है ?

(a) 'तब' की विचारधारा में 'अब' कट्टरता बढ़ी है।

(b) 'तब' की विचारधारा में 'अब' कट्टरता कम हुई है।

(c) 'तब' के अन्तर्गत नेता और 'अब' के अन्तर्गत नेता अलग-अलग राजनीतिक दलों से हैं।

(d) 'तब' के नेता और 'अब' के नेता अलग-अलग संगठनों से हैं।

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं : **4 × 1 = 4**

(26.1) भारत, निम्नलिखित में से किस विचारधारा का अनुसरण करता है ?

(a) उदारवाद (b) समाजवाद

(c) पूँजीवाद (d) साम्यवाद

(26.2) 1982 में निम्नलिखित में से कौन सा एक परिवर्तन चीन में किया गया ?

(a) उद्योगों का निजीकरण किया गया।

(b) अपने राजनीतिक और आर्थिक एकान्तवास को समाप्त किया गया।

(c) विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित किए गए।

(d) कृषि का निजीकरण किया गया।

(ii) Red Book is related to which ideology ?

(a) Capitalism (b) Communism

(c) Humanism (d) Terrorism

(iii) What does the 'Red Power Tie' depict ?

(a) Negation of communism

(b) Acceptance of Capitalism

(c) Coordination of communism with Capitalism

(d) Negation of Capitalism

(iv) What is the difference between 'then' and 'now' as per the cartoon ?

(a) 'Rigidity' has increased now in the ideology of 'then'

(b) Rigidity has decreased 'now' in the ideology of 'then'.

(c) The leader under 'then' and the leader under 'now' belong to different political parties.

(d) The Leader under 'then' and the leader under 'now' belong to different organisations.

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Qn. **26**. **4 × 1 = 4**

(26.1) Which one of the following ideologies is followed by India ?

(a) Liberalism (b) Socialism

(c) Capitalism (d) Communism

(26.2) In 1982, which one of the following changes was made in China ?

(a) Privatisation of industries was done.

(b) China ended its political and economic isolation.

(c) Special economic zones were established.

(d) Privatisation of agriculture was done.

(26.3) निम्नलिखित में से कौन सा कथन चीन के बारे में सही है ?

(a) यहाँ गणतन्त्र है।

(b) यहाँ राजशाही है।

(c) यहाँ बहुदलीय व्यवस्था है।

(d) यहाँ मिली-जुली सरकार है।

(26.4) निम्नलिखित में से कौन सा एक विकल्प चीन से सम्बद्ध नहीं है ?

(a) द ग्रेट वाल (b) ड्रैगन

(c) बाईसाईकल (d) उगता सूर्य

**खण्ड – ङ**

27. (a) गोर्बाचेव के कार्यकाल में घटी किन्हीं तीन घटनाओं का विश्लेषण कीजिए जिनसे सोवियत संघ का विघटन हो गया। **$3 \times 2 = 6$**

**अथवा**

(b) सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं तीन परिणामों का विश्लेषण कीजिए। **$3 \times 2 = 6$**

28. (a) प्रथम पंचवर्षीय योजना की किन्हीं तीन विशेषताओं को उजागर कीजिए। **$3 \times 2 = 6$**

**अथवा**

(b) स्वतंत्रता के तुरन्त बाद भारत सरकार के समक्ष विस्थापित लोगों से सम्बन्धित आई किन्हीं तीन समस्याओं को उजागर कीजिए। **$3 \times 2 = 6$**

(26.3) Which one of the following statements is true about China ?

(a) It is a republic

(b) It is a monarchy

(c) It has multiparty system

(d) It has a coalition government

(26.4) Which one of the following symbols is NOT related to China ?

(a) The Great Wall

(b) Dragon

(c) Bicycle

(d) Rising Sun

## SECTION – E

27. (a) Analyse any three happenings during Gorbachev's period that led to the disintegration of the Soviet Union. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Analyse any three consequences of the disintegration of USSR. **3 × 2 = 6**

28. (a) Highlight any three features of the First Five Year Plan. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Highlight any three problems faced by Government of India immediately after independence related to the displaced population.

**3 × 2 = 6**

29. (a) भारत में लोकतन्त्र को मजबूती प्रदान करने में 1975 में घोषित आपातकाल के किन्हीं तीन प्रभावों का आकलन कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) स्वतंत्रता उपरान्त के भारत में आई लोकतन्त्र की तीन लहरों के प्रभाव का आकलन कीजिए। **3 × 2 = 6**

30. (a) चीनी नेतृत्व द्वारा चीन के आर्थिक विकास के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का मूल्यांकन कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) बांग्लादेश में लोगों का लोकतन्त्र के प्रति समर्थन जताने वाली किन्हीं तीन प्रमुख घटनाओं का विश्लेषण कीजिए। **3 × 2 = 6**

---

29. (a) Assess any three effects of Emergency imposed in 1975 in strengthening the democracy in India. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Assess the impact of three democratic upsurges in post independent India. **3 × 2 = 6**

30. (a) Evaluate any three steps taken by the Chinese leadership for the growth of Chinese economy. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Analyse any three major happenings in Bangladesh that show peoples' support to democracy. **3 × 2 = 6**